उत्तर प्रदेश शासन

मत्स्य उत्पादन अनुभाग

संख्या- 528/सत्रह-म-2023-17-1001(001)/1/2020

दिनांक: 26/05/2023

विज्ञप्ति/नियुक्ति

लोक सेवा आयोग उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा सीधी भर्ती (सामान्य चयन) के माध्यम से सहायक निदेशक मत्स्य के पद पर नियुक्ति हेतु चयनित/ संस्तुत 06 अभ्यर्थियों को सम्यक विचारोपरान्त वेतनमान रू0 15600-39100-ग्रेड पे 5400/- (पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल-10) में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत सहायक निदेशक मत्स्य के पद पर अस्थाई रूप से नियुक्ति प्रदान करने एवं निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ-5 में उनके नाम के सम्मुख अंकित जनपद/स्थान में तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल एतद्द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:

क्र0	अभ्यर्थी का नाम / पिता का नाम	पता	जन्म तिथि/ गृह जनपद	तैनाती का स्थान
1	2	3	4	5
1	सुश्री प्रियंका आर्या पुत्री श्री जय राम आर्या	म0नं0-ई0-10 गली नं0-3 आकांक्षा इन्क्लेव फेज-2 बिहारमन नगला, मुन्शीनगर बरेली-243122	08.07.1991 बरेली	अलीगढ़
2.	सुश्री गायत्री पाण्डेय पुत्री श्री जे0सी0 पाण्डेय	म0नं0-136 मोहित फर्नीचर,न्यू कालोनी तल्ला ब्यूरा काठगोदाम नैनीताल, उत्तराखण्ड - 263126	27.07.1992 काठगोदाम नैनीताल	इटावा
3	सुश्री भानु चन्द्रा पुत्री श्री प्रदीप कुमार	ए-366 आवास विकास किच्छा उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड- 263148	24.05.1997 उधम सिंह नगर	चित्रकूट
4	श्री मुनीश कुमार पुत्र श्री राम अवतार	ग्राम गोसलपुर , पो0 सेन्थल, तहसील नवाबगंज, जनपद बरेली-243407	05.06.1991 बरेली	जालौन
5	श्री राहुल कुमार पुत्र श्री हरीनाथ पाल	ग्राम व पो0- अछोरा पूरे जगन अछोरा तह0-मिल्कीपुर, अयोध्या उ0प्र0 - 224225	11.11.1994 अयोध्या	हाथरस
6.	श्री दीपान्सू पुत्र श्री राजराम	म0न0 183 आराजी ईशेपुर , तह0- बछाना कानपुर नगर उ0प्र0 -209202	10.07.1993 कानपुर नगर	वाराणसी

2- उक्त अभ्यर्थी मत्स्य विभाग में अपनी योगदान की तिथि से 02 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे और परिवीक्षा अवधि (जो नियमानुसार बढाई जा सकती है) सफलतापूर्वक पूर्ण कर लेने के उपरान्त उनके स्थायीकरण पर विचार किया जायेगा।

3- अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उक्त वेतनमान में मिलने वाले वेतन के अतिरिक्त शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत/अनुमन्य महँगाई भत्ते एवं अन्य भत्ते,जो भी हों, देय होंगे।

4- अभ्यर्थियों की सेवा शर्तें शासन द्वारा समय-समय पर राज्य कर्मचारियों हेतु निर्गत की गयी संगत नियमावलियों, शासनादेशों एवं नियमों के अधीन होंगी।

5- संबंधित अभ्यर्थी आदेश की प्रति प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर तैनाती के स्थान पर कार्य-भार ग्रहण कर लें। यदि वे निर्धारित समयावधि के अन्दर युक्ति-युक्त कारण के बिना योगदान नहीं करता है,तो यह समझा जायेगा कि वे उक्त पद पर योगदान करने के इच्छुक नहीं है और तदनुसार उनका अभ्यर्थन समाप्त/निरस्त करने की कार्यवाही पर विचार किया जायेगा।

6- इस आदेश के निर्गमन के पश्चात यदि शासन के संज्ञान में आता है कि वांछित शैक्षिक/प्रशिक्षण/अनुभव आदि सम्बन्धी योग्यता के संबंध में कोई अभ्यर्थी आवश्यक तथा महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाकर अथवा फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर चयनित होने में सफल हो गया है, तो संबंधित अभ्यर्थी इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा एवं भविष्य में उक्त पद के प्रति उसका कोई दावा/अधिकार मान्य नहीं होगा।

7- अभ्यर्थियों को तैनाती के जनपद तक जाने/ पहुंचने हेतु कोई मार्ग व्यय अथवा यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

8- अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व निम्न प्रमाण-पत्र/ घोषणा-पत्र प्रस्तुत करने होंगे-

1. केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अन्तर्गत अब तक की गयी सेवा के संबंध में घोषणा।
2. राजपत्रित अधिकारियों द्वारा प्रदत्त चरित्र संबंधी दो नवीनतम प्रमाण- पत्र।
3. ओथ आफ एलीजियन्स का प्रमाण-पत्र।
4. गोपनीयता का प्रमाण –पत्र ।
5. चल तथा अचल सम्पत्ति की घोषणा।
6. एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न होने का शपथ-पत्र ।

9- अभ्यर्थियों की पारस्परिक ज्येष्ठता, उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 यथासंशोधित के प्राविधानों के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

10- उक्त अभ्यर्थी संबंधित जनपद/ स्थान में योगदान करने के पश्चात अपना कार्यभार प्रमाणक निदेशक मत्स्य व शासन को उपलब्ध करायेंगे।

(प्रशांत शर्मा)
विशेष सचिव

संख्या- 528(1) /सत्रह-म-2023 तददिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. महालेखाकार,उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
2. निदेशक मत्स्य, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3. मण्डलायुक्त, अलीगढ/चित्रकूट धाम/कानपुर / झांसी/ वाराणसी ।
4. जिलाधिकारी, अलीगढ़, इटावा, चित्रकूट, हाथरस, जालौन, वाराणसी ।
5. सम्बंधित कोषाधिकारी/ वरिष्ठ कोषाधिकारी ।

I/322804/2023

6. उप सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 प्रयागराज को उनके पत्र संख्या-134(1)/03/एस- 2/डी/2019-20 दिनांक 13 सितम्बर 2022 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
7. संयुक्त निदेशक,राजकीय मुद्रणालय प्रयागराज को राजपत्रित गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
8. संयुक्त निदेशक मत्स्य, उ0प्र0 लखनऊ।
9. उप निदेशक मत्स्य, अलीगढ मण्डल /चित्रकूट धाम मण्डल /कानपुर मण्डल / झांसी मण डल / वाराणसी मण्डल ।
10. वित्त एवं लेखाधिकारी, मत्स्य निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ।
11. सम्बंधित अधिकारीगण (**रजिस्टर्ड डाक द्वारा**)।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

Signed by प्रशान्त शर्मा
Date: 26-05-2023 19:01:24 (प्रशांत शर्मा)
Reason: Approved विशेष सचिव